प्रैस नोट

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर पालिसी 2020 तथा उसमें समय--समय पर हुए संशोधनों के अनुसार प्रारम्भिक शिक्षा विभाग जिला कांगड़ा अपने अधीन आने वाली प्राथमिक पाठशालाओं व एकल माध्यमिक पाठशालाओं मे पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्करो की भर्ती प्रकिया मासिक मानदेय 5625/-(शैक्षणिक सत्र के दस माह के लिए) पर प्रारम्भ करने जा रहा है। जिस हेतु खाली पदों की सूचना खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी तथा सम्बधित उप मंडलाधिकारी (ना0) के कार्यालय मे उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी इन पदों हेतु अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर सभी प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की स्व प्रमाणित फोटो कापी सहित संवधित खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय मे दिनांक 27-04-2022 सांय 5 वजे तक जमा करवा सकते हैं। आवेदन पत्र पर स्व प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाना भी अनिवार्य होगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 13-04-2022 से दिनांक 27-04-2022 तक सम्बधित खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय मे जमा करवा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार्य नही होगा। इसके उपरान्त दिनांक 10 मई 2022 तक आवेदन पत्रों की छटनी की जाऐगी व 31 मई 2022 तक भर्ती प्रकिया को संपूर्ण किया जाऐगा । प्रार्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उपरी आयु सीमा मे नियमानुसार छूट देय है।

आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजो जिनकी स्व प्रमाणित प्रतिया संलग्न की जानी है, उनकी सूची निम्न प्रकार से है:-

1. सम्बधित वार्ड/पंचायत का प्रमाण पत्र सम्बधित पंचायत सचिव अथवा शहरी स्थानीय निकाय मे सम्बधित कार्यकारी अधिकारी द्वारा जारी किया हुआ हो।
2. जन्मतिथी/आयु प्रमाण पत्र ।
3. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र ।
4. विभिन्न श्रेणियो के प्रमाण पत्रः-
   - (क) विधवा/अनाथ/संदर्भित दिव्यांग प्रमाण पत्र।
   - (ख) ऐसे परिवार का सदस्य जो अत्याधिक गरीव/दयनीय परिस्तिथि मे रह रहा हो का प्रमाण पत्र ।
   - (ग) पति द्वारा परित्यक्त नारी प्रमाण पत्र ।
5. उन अभ्यर्थियो के लिए जिन के परिवार ने पाठशाला हेतू भूमिदान की है, भूमि दान प्रमाण पत्र।
6. अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग / गरीबी रेखा से नीचे संबध रखता हो, का प्रमाण पत्र ।
7. अभ्यर्थी जिसके परिवार से कोई भी सदस्य सरकारी या गैर सरकारी नौकरी मे नही है, का प्रमाण पत्र ।

Sd/-

दिनांक: 11 अप्रैल 2022

उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा

कांगड़ा स्थित धर्मशाला

प्रतिलिपी :- 330-31 (11/04/2022)

1. जिला लोक संपर्क अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला को सूचनार्थ एवं इस निवेदन के साथ प्रषित है कि इसे सभी समाचार पत्रों व अन्य माध्यमों से प्रसारित एवं प्रकाशित करने की कृपा करें ।
2. आंतरिक शाखा प्रभारी को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड़ करने हेतू ।

उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा

कांगड़ा स्थित धर्मशाला

Scanned with CamScanner